**राजस्थान सरकार**

**निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर**

क्रमांकः– एफ.2 (क) (एस–675) अलेसे–I/ 46-51 दिनांकः– 28/04/25

**आदेश**

विभागीय आदेश संख्या 167/2024–25 दिनांक 15.01.2025 के द्वारा श्री सीताराम बैरवा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I (लिंक नं. 5966) का स्थानान्तरण कार्यालय संयुक्त निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, जयपुर (शहर) से कार्यालय विकास अधिकारी, पंचायत समिति सांगानेर, जयपुर में श्री राजेश कुमार मीणा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के स्थान पर किया गया था, जिसके क्रम में श्री बैरवा द्वारा दिनांक 03.02.2025 को कार्यग्रहण कर लिया गया। उक्त स्थानान्तरण आदेश पर माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर द्वारा श्री राजेश कुमार मीणा, स.ले.अ. ग्रेड–I को यथास्थान कार्यरत रहने हेतु स्थगन आदेश जारी किये गये जिसके अनुसरण में श्री मीणा को कार्यमुक्त नहीं किया गया एवं वर्तमान में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के एक पद पर दो कार्मिक पदस्थापित हो जाने के कारण श्री बैरवा का माह फरवरी 2025 से वेतन आहरण नहीं किया गया है।

उक्त के क्रम में माननीय न्यायालय के अग्रिम आदेशों तक श्री सीताराम बैरवा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I कार्यालय विकास अधिकारी, पंचायत समिति, सांगानेर, जयपुर के माह फरवरी 2025 से अग्रिम आदेशों तक का वेतन आहरण कार्यालय उपकोषालय, चाकसू (जयपुर) में उपकोषाधिकारी के रिक्त पद से आहरित करने की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है।

(बृजेश किशोर शर्मा)
निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकः– एफ.2 (क) (एस–675) अलेसे–I/ 46-51 दिनांकः– 28/04/25

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. कोषालय, जयपुर (ग्रामीण) को प्रेषित कर लेख है कि श्री सीताराम बैरवा सहायक लेखाधिकारी गेड–I के वेतन आहरण की व्यवस्था करावें।
2. विकास अधिकारी, पंचायत समिति सांगानेर, जयपुर।
3. श्री सीताराम बैरवा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I, कार्यालय पंचायत समिति सांगानेर, जयपुर।
4. उप निदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. वरिष्ठ निजी सचिव, निदेशक महोदय।
6. निजी पत्रावली / गार्ड फाइल / पदस्थापन सीट।

(के.जी. गुप्ता)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक)